में काम करने वाले कर्मचारियों पर लागू किया जायेगा ; और

(ख) यदि नही, तो इसके क्या कारण है?

औद्योगिक विकास मे मंत्रालय उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) खादी और ग्रामोद्योग कमीशन तथा खादी कमीशन के अधीन खादी भवनो के कर्मचारियो पर तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशे लागू करने पर सरकार आयोग द्वारा तब विचार किया जायेगा जब सरकार उस रिपोर्ट मे निहित सिफारिशो को मान लेगी ।

(ख) प्रश्न ही नही उठता ।

खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में पशमीना कांड

8749. श्री हीरा लाल डोडा : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार और खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली के पशमीना कांड, जिसमे लगभग चार हजार रुपये की राशि अन्तर्ग्रस्त है, के बारे मे शिकायत मिली है ; और

(ख) यदि हां, तो शिकायत कब प्राप्त हुई थी । इन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) और (ख). खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग शिकायत की जांच कर रही है ।

खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग में व्यापारिक कर्मचारियों का नियमित कर्मचारियों के रूप में घोषित किया जाना

8750. श्री हीरा लाल डोडा : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की.

(क) क्या खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग अपने सभी व्यापारिक कर्मचारियों को आयोग का नियमित कर्मचारी घोषित करने जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो उन्हें उक्त आयोग के ग्रेड तथा अन्य सभी सुविधाए कब से उपलब्ध की जायेगी ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) और (ख) सूचना एकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

अन्तरिक्ष विभाग में हिन्दी टाइप-राइटिंग स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण

8751. श्री भागीरथ भंवर क्या अन्तरिक्ष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तरिक्ष विभाग मे कितने व्यक्ति हिन्दी शिक्षण योजना तथा हिन्दी टाइप राइटिंग/स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं अथवा प्राप्त कर रहे हैं; और

(ख) सरकार की नीति के अनुसार सभी कर्मचारियों को हिन्दी में प्रशिक्षण